**सुविचार**

अहंकार इंसान की वह स्थिति है, जिसमें वह अपने मूल कर्तव्यों को भूलकर विनाश की ओर चला जाता है।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर

सच की सीधी आवाज

वर्ष : 1 | अंक : 13 | पंचकूला। मंगलवार, 17 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**पंचकूला.** कांग्रेस पार्टी ने विभिन्न जनहित मुद्दों को लेकर हरियाणा के राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार हरदेव को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान संजय चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और प्रदेश व केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस दौरान हरियाणा महिला कांग्रेस प्रधान सुधा भारद्वाज, पूर्व नगर परिषद प्रधान रविंद्र रावल, प्रदेश प्रवक्ता संजीव भारद्वाज, नीतिश रावल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हाल के दिनों में भारत सरकार और हरियाणा सरकार द्वारा लिए गए कई फैसलों से प्रदेश की जनता सीधे प्रभावित हुई है, जिससे आम नागरिकों में रोष व्याप्त है। इन्हीं जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को यह ज्ञापन प्रेषित किया गया। कांग्रेस ने केंद्र सरकार की हालिया ट्रेड डील को किसान विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय दबाव में ऐसा समझौता किया है जिससे देश की खाद्य सुरक्षा कमजोर होगी और किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। वृद्धावस्था पेंशन के मुद्दे पर पार्टी ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार बच्चों की आय को आधार बनाकर पात्र बुजुर्गों की पेंशन काट रही है। इससे हजारों बुजुर्ग पेंशन के अधिकार से वंचित हो रहे हैं, जो सामाजिक न्याय और मानवीय मूल्यों के खिलाफ है। इसके अलावा, हरियाणा लोक सेवा आयोग पर प्रदेश के युवाओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा गया कि विभिन्न भर्तियों में बड़ी संख्या में बाहरी उम्मीदवारों को अवसर दिया जा रहा है, जिससे हरियाणा के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। राशन कार्डों की कटौती को लेकर भी कांग्रेस ने सरकार को घेरा। नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले बनाए गए लाखों राशन कार्ड अब काटे जा रहे हैं, जिससे बड़ी संख्या में जरूरतमंद परिवारों का राशन बंद हो गया है। कांग्रेस ने इन सभी मुद्दों पर सरकार से पुनर्विचार की मांग की है।

### भारत हितैषी ने सेक्टर-9 और 10 में सफाई अभियान चलाने पर आयुक्त का जताया आभार



**पंचकूला।** हितैषी फाउंडेशन के अध्यक्ष भारत हितैषी ने सोमवार को पंचकूला नगर निगम के आयुक्त विनय कुमार से मुलाकात कर शहर में चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। भारत हितैषी ने कहा कि नगर निगम के सफाई मित्र सराहनीय कार्य कर रहे हैं। वे पिछले कई महीनों से जमा पड़े कूड़े-कर्कट को हटाने के लिए सुबह-शाम लगातार मेहनत कर रहे हैं, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था में स्पष्ट सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आयुक्त विनय कुमार द्वारा सफाई अभियान शुरू करने से पहले स्थानीय निवासियों को सूचित किया जा रहा है, जिससे लोग चिन्हित स्थानों पर समय रहते सफाई मित्रों से सफाई करवा पा रहे हैं। मुलाकात के दौरान भारत हितैषी ने शहर की सड़कों और गलियों की नियमित एवं समयबद्ध सफाई सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि विशेषकर बरसात के दिनों में यदि नालियों और गलियों की सफाई समय पर न हो तो जलभराव की स्थिति बन जाती है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा उन्होंने वार्ड नंबर-4 सेक्टर-9 और सेक्टर-10 से जुड़े विभिन्न स्थानीय मुद्दों को भी आयुक्त के समक्ष रखा। इस पर आयुक्त विनय कुमार ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए शीघ्र समाधान करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। अंत में भारत हितैषी ने शहरहित में किए जा रहे प्रयासों के लिए आयुक्त का पुनः आभार व्यक्त किया।

# पंचकूला चेंबर्स की बैठक में उद्योगों की समस्याओं पर मंथन, सरकार से ठोस कार्ययोजना की मांग

- पंचकूला चेंबर्स की बैठक में उद्योगों की समस्याओं पर गंभीर मंथन
- प्रॉपर्टी टैक्स, सफाई और ट्रैफिक अव्यवस्था पर उद्योगपतियों का सरकार से सवाल
- इंडस्ट्रियल एरिया की बदहाल व्यवस्था पर चेंबर्स का प्रशासन को अल्टीमेटम
- एफएआर बढ़ाने और एमएसएमई लाभ लागू करने की मांग



पंचकूला ऑजर्वर संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला चेंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को चेयरमैन अरुण ग्रोवर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया और सरकार से ठोस कार्ययोजना लागू करने की मांग की गई। बैठक के दौरान प्रॉपर्टी टैक्स और गार्बेज टैक्स का मुद्दा प्रमुख रूप से छाया रहा। उद्योगपति अजीत अरोड़ा ने बताया कि वर्ल्ड एंड हाफ कैनाल क्षेत्र की प्रॉपर्टी पर भी 3000 रुपये मासिक गार्बेज टैक्स वसूला जा रहा है, जबकि वहां मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। विनय बंसल ने सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरे इंडस्ट्रियल एरिया के लिए मात्र एक या दो कूड़ा गाड़ियां आती हैं, जो आवश्यकता के मुकाबले बेहद कम हैं। डी.पी. सिंगल ने ट्रैफिक व्यवस्था की समस्या उठाते हुए कहा कि सरकारी हॉर्टिकल्चर के पास इंडस्ट्रियल एरिया की मुख्य सड़क से पहले लगी छोटी ट्रैफिक लाइट लंबे समय से बंद पड़ी है, जिससे सड़क पार करने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अरुण ग्रोवर ने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया में सड़कों और सफाई की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। उन्होंने बताया कि वे कई बार संबंधित विभागों को लिखित रूप में समस्याओं से अवगत करा चुके हैं और रिसीविंग लेटर भी प्राप्त हुए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि उद्योगों की आवाज उठाने का उनका प्रयास जारी रहेगा, परंतु प्रशासन को भी ठोस कदम उठाने होंगे। ग्रोवर ने सुझाव दिया कि जिस प्रकार कर्नाटक सरकार ने 5 एफएआर लागू किया है, उसी प्रकार हरियाणा सरकार को भी पंचकूला सहित अन्य एनसीआर क्षेत्रों में एफएआर बढ़ाने पर विचार करना चाहिए। उनका कहना था कि इससे राजस्व में वृद्धि होगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने 2006 के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 (एमएसएमई एक्ट) का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी ट्रेड को इसका लाभ मिलना चाहिए और प्रत्येक उद्योग



के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही हरियाणा इंडस्ट्री फ्रेंडली काउंसिल के माध्यम से 30 प्रतिशत समस्याओं का छह माह के भीतर समाधान करने का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में इंडस्ट्रियल एरिया में पार्किंग सुविधा की कमी, ग्रीन पार्क के अभाव तथा अवैध गतिविधियों में बढ़ोतरी पर भी चिंता जताई गई। उद्योगपतियों ने पीसीआर गश्त बढ़ाने और नियमित जागरूकता अभियान चलाने की मांग की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिकायत निवारण प्रशासन की कर्मचारी दिव्या विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उद्योगपतियों ने उनके समक्ष अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं और आशा जताई कि वे इन मुद्दों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगी। बैठक में इंडस्ट्रियल एरिया के एएसआई सतीश कुमार, एचएसआईआईडीसी के ऋषि अरोड़ा, विकास कुमार (जेई) सहित अनेक अधिकारी एवं प्रमुख उद्योगपति—गोपाल बंसल, विनय बंसल, सचिन सूद, सुमित अग्रवाल, सुनील बंसल, राकेश शर्मा, आदित्य गुप्ता, अजय गुप्ता, विनय नारद, वीरेंद्र गर्ग, डी.पी. सिंगल, अमरनाथ गोयल, संजीव तलवार आदि शामिल रहे।


## पंचकूला के सकेतड़ी बूस्टिंग स्टेशन में अव्यवस्था पर ग्रामीणों में आक्रोश

पंचकूला ऑजर्वर संवाददाता

**पंचकूला।** ग्राम सकेतड़ी स्थित 700 के.एल. क्षमता वाला बूस्टिंग स्टेशन इन दिनों गंभीर लापरवाही और अव्यवस्था के कारण असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। जल आपूर्ति जैसी संवेदनशील व्यवस्था पर मंडराते खतरे को लेकर ग्रामीणों में गहरी चिंता और भारी रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों के अनुसार बूस्टिंग स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति नहीं रहती, जिससे पूरा परिसर असुरक्षित बना हुआ है। इस स्थिति का लाभ उठाकर अज्ञात लोग यहां डेरा जमाए रहते हैं। परिसर में नशाखोरी, शराब सेवन और अन्य संदिग्ध गतिविधियां आम हो चुकी हैं, जिससे गांव में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में छोटी आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि देखने को मिली है। सबसे गंभीर चिंता पेयजल स्रोत की सुरक्षा को लेकर है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी प्रकार लापरवाही जारी रही तो कोई भी असामाजिक तत्व पानी में नशीले या जहरीले पदार्थ मिलाकर बड़ी अनहोनी को अंजाम दे सकता है। सकेतड़ी क्षेत्र में स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध भोले बाबा मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी बन जाती है।

ग्राम के नंबरदार गुरुतेज सिंह (भोला) ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों और पूर्व पार्षद को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया है,




लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार बूस्टिंग स्टेशन से जुड़े कर्मचारी सुभाष शर्मा, जेई इंद्रजीत तथा एसडीओ धर्मेंद्र को भी लगातार जानकारी दी जा रही है, परंतु अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।

ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बूस्टिंग स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था तुरंत सुदृढ़ की जाए, नियमित निगरानी सुनिश्चित हो, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से उच्च अधिकारियों से मिलकर आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। गांव की सुरक्षा, श्रद्धालुओं की आस्था और स्वच्छ पेयजल व्यवस्था के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही अब स्वीकार्य नहीं है।

## प्रभु नाम की महिमा असीम, अनंत और पाप दुख नाशक है : स्वामी राम जी दास वशिष्ठ





**पंचकूला।** भगवान के नाम की महिमा असीम, अनंत और पाप-दुःख नाशक है, जो स्वयं ईश्वर से भी अधिक समर्थ मानी गई है। निष्काम भाव से किया गया प्रभु जप हृदय की मलिनता मिटाकर, मानसिक शांति, भगवत प्रेम और परम पद (मोक्ष) प्रदान करता है, यहाँ तक कि अनजाने में लिया गया नाम भी कल्याणकारी है। भगवान नाम की महिमा का यह गुणगान सेक्टर 10 के श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित वार्षिक मूर्ति स्थापना उत्सव के समापन के अवसर पर बरसाना वाले प्रसिद्ध कथावाचक स्वामी राम जी दास वशिष्ठ ने व्यक्त किए। स्वामी जी ने कहा कि नाम जप के लिए किसी विशेष नियम या कठिन साधना की आवश्यकता नहीं है, यह सबसे सुलभ मार्ग है। उन्होंने बताया कि शास्त्रों में कहा गया है कि गंगा, काशी, गया आदि तीर्थ भी राम नाम की महिमा के बराबर नहीं हैं। भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के अनन्य प्रेम का उल्लेख करते हुए स्वामी जी ने कहा कि सुदामा का प्रेम यानी सच्चा मित्र प्रेम। तो दोस्तों सच्चे प्रेम में ऊँच या नीच नहीं देखी जाती और न ही अमीरी-गरीबी देखी जाती है। इसीलिए आज इतने युगों के बाद भी दुनिया कृष्ण और सुदामा की दोस्ती को सच्चे मित्र प्रेम के प्रतीक के रूप में याद करती है। कृष्ण और सुदामा का प्रेम यानी सच्चा मित्र प्रेम। तो दोस्तों सच्चे प्रेम में ऊँच या नीच नहीं देखी जाती और न ही अमीरी-गरीबी देखी जाती है। इसीलिए आज इतने युगों के बाद भी दुनिया कृष्ण और सुदामा की दोस्ती को सच्चे मित्र प्रेम के प्रतीक के रूप में याद करती है। कलियुग के दुर्गुणों का बड़े सुंदर ढंग से वर्णन करते हुए स्वामी राम जी दास वशिष्ठ ने बताया कि कलियुग में न वर्णधर्म रहता है, न चारों आश्रम रहते हैं। सब पुरुष-स्त्री वेद के विरोध में लगे रहते हैं। ब्राह्मण वेदों के बेचने वाले और राजा प्रजा को खा डालने वाले होते हैं। कलयुग के पाँच स्थान जहाँ उसका वास माना जाता है, वे हैं- जुआ (द्यूत), शराब (मद्यपान), वेश्यावृत्ति (परस्त्रीगमन), हिंसा (कसाईखाना) और अनीति से कमाया गया सोना या धन, जहाँ असत्य, नशा, वासना, क्रूरता और लोभ व्याप्त होता है। श्री मद्भागवत कथा के समापन पर स्वामी जी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन राजा परीक्षित को मोक्ष ज्ञान देने के बाद श्री शुकदेव जी की विदाई प्रसंग ज्ञान, भक्ति और कथा पूर्णाहूति का प्रतीक है। इसमें सात दिनों तक भागवत अमृत पिलाने वाले शुकदेव मुनि को नमन कर व्यासपीठ पूजन, आरती व प्रसाद वितरण के साथ कथा समाप्त की जाती है, जो गुरु विदाई का भावुक क्षण होता है। कथा के समापन पर आज स्वामी राम जी दास वशिष्ठ और उन के बेटे स्वामी कमल राम जी दास वशिष्ठ के मधुर रसीले भजनों पर श्रद्धालु खूब मस्ती से नाचे झूमे और मंदिर प्रांगण कृष्ण प्रेम के रसस्वादन और आनंद विभोर हुआ रोमांचित हो रहा था। कथा के समापन पर इस वार्षिक मूर्ति स्थापना उत्सव में अमूल्य सहयोग देने वाले दानी सज्जनों को पूरे सम्मान सहित सम्मानित किया गया और मंदिर सभा द्वारा सात दिनों तक श्रद्धालुओं के अपार समूह द्वारा अपने पवन सहयोग द्वारा उत्सव की शोभा बढ़ाने के लिए समस्त सेक्टर वासियों का आभार व्यक्त किया गया। मंदिर सभा द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण और स्वादिष्ट भंडारा वितरित किया गया।

**गौरव** | **पुलिसिंग और देश की सेवा में दिया शानदार योगदान, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया समानित**

## चंडीगढ़ के डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुडा को बेहतरीन और सराहनीय सेवा के चलते प्रेसिडेंट मेडल से नवाजा

पंचकूला ऑजर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़।** एजीएमयूटी 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी और यूटी पुलिस के डीजीपी डॉ. सागर प्रीत सिंह हुड्डा ने इंडियन पुलिस सर्विस में 28 साल से ज़्यादा समय तक बेदाग और बेहतरीन सेवा दी है। डॉक्टर हुडा की सर्विस के लिए प्रेसिडेंट मेडल मिलना पुलिसिंग और देश की सेवा में उनके शानदार योगदान के लिए एक सही पहचान है।और उनकी अलग काबिलियत काबिलियत है।जिसके चलते भारत सरकार ने सही निर्णय लेते और सही काबिलियत पहचानते हुए यूटी पुलिस के डीजीपी डॉक्टर सागर प्रीत हुडा को 16 फरवरी 2026 को दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस के मौके पर नई दिल्ली में हुए एक सम्मान समारोह में भारत सरकार के केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा औपचारिक रूप से दिया।इस अवार्ड की घोषणा स्वतंत्रता दिवस 2025 की शाम को की गई थी। अपने पूरे करियर में उन्होंने अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली, चंडीगढ़ और भारत सरकार में कई मुश्किल और संवेदनशील कामों में लगातार बेहतरीन प्रोफेशनल काबिलियत, ईमानदारी और बेहतरीन लीडरशिप दिखाई है।अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट सियांग जिले के पुलिस सुपरिटेंडेंट के तौर पर उन्होंने एक उग्रवादियों के सपोर्ट वाले एक्सटॉर्शन नेटवर्क को सफलतापूर्वक खत्म किया।दिल्ली में अपने कार्यकाल के दौरान, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस के तौर पर काम करते हुए, उन्होंने परिवर्तन का कॉन्सेप्ट बनाया और उसे लागू किया। जो महिलाओं और बच्चों की सेफ्टी और सिक्योरिटी को बढ़ाने के मकसद से एक पायनियरिंग इनिशिएटिव था।इस प्रोग्राम का काफी असर हुआ और इसे इंटरनेशनल पहचान मिली। जिसमें वाशिंगटन डीसी यूएसए के इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ़ चीफ्स ऑफ़ पुलिस से मिलाप्रतिष्ठित वेबर सीवी अवॉर्ड भी शामिल है। दिल्ली पुलिस में डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस, जॉइंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस और स्पेशल कमिश्नर ऑफ़ पुलिस के तौर पर बाद के कामों में,आईपीएस डॉ. सागर प्रीत हुड्डा ने कई हाई-प्रोफ़ाइल इन्वेस्टिगेशन को सुपरवाइज़ किया।मुश्किल लॉ-एंड-ऑर्डर सिचुएशन को असरदार तरीके से मैनेज किया।और जी20 समिट 2023 समेत बड़े नेशनल और इंटरनेशनल इवेंट्स के लिए सिक्योरिटी अरेंजमेंट की देखरेख की।उन्होंने इंटेलिजेंस कोऑर्डिनेशन मैकेनिज्म को मज़बूत करने और इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम को मॉडर्न बनाने में भी अहम भूमिका निभाई।जिससे कुशल, प्रोफेशनल और रिस्पॉन्सिव पुलिसिंग में अहम योगदान मिला।

अरुणाचल प्रदेश के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस (लॉ एंड ऑर्डर) के तौर पर, उन्होंने सेंसिटिव आंदोलनों के दौरान पुलिसिंग ऑपरेशन को सफलतापूर्वक लीड किया और मुश्किल और मांग वाले हालात में भी शांति से चुनाव कराना पक्का किया।डॉ. सागर प्रीत हुड्डा का शानदार करियर हिम्मत,एडमिनिस्ट्रेटिव समझ और लोगों की भलाई के लिए पक्के इरादे से जाना जाता है। प्रेसिडेंट मेडल मिलना पुलिसिंग और देश की सेवा में उनके शानदार योगदान के लिए एक सही पहचान है।



### पंचकूला में भाजपा प्रभारी सतीश पुनिया का स्वागत



**पंचकूला।** हरियाणा भाजपा प्रभारी सतीश पुनिया सोमवार को पंचकूला पहुंचे, जहां भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी नगर निगम चुनावों सहित विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। अजय मित्तल ने कहा कि भाजपा सरकार जनहितैषी नीतियों के माध्यम से निरंतर विकास कार्य कर रही है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार के चलते देश और हरियाणा निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी नगर निगम चुनावों में भाजपा के सभी 20 पार्षद और मेयर पद के प्रत्याशी विजयी होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री जय कौशिक, सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन विपिन लिड्डू, बिंदर गुर्जर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लुधियाना के फर्जी स्कूल पर पंजाब सरकार की बड़ी कार्रवाई

# मान्यता रद्द व आपराधिक केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू

■ **27 छात्रों के रोल नंबर रद्द, शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने संदिग्ध स्कूलों की जांच तेज करने के दिए निर्देश**

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़।** राज्य की शिक्षा प्रणाली की पवित्रता और ईमानदारी को बनाए रखने के लिए बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब सरकार ने लुधियाना के एक फर्जी स्कूल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, क्योंकि इस स्कूल में प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए सुविधाओं की कमी के बावजूद 12वीं की परीक्षाओं के लिए छात्रों को रजिस्टर किया गया था।

इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (पी.एस.ई.बी.) द्वारा दसमेश पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महिदूदां, लुधियाना (स्कूल कोड 3100187) के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जिसमें मान्यता वापस लेना और फर्जी दस्तावेज जमा करने के लिए आपराधिक शिकायत दर्ज करना शामिल है। उन्होंने बताया कि पी.एस.ई.बी. ने स्कूल द्वारा रजिस्टर किए गए सभी 27 छात्रों के रोल नंबर भी रद्द कर दिए हैं। बैंस ने बताया कि फिजिकल जांच के दौरान इस स्कूल का कोई अस्तित्व सामने नहीं आया, इसकी इमारत किराए पर दी गई थी और कोई कक्षा नहीं चल रही थी। 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के लिए रजिस्टर्ड 27 छात्रों के रोल नंबर भी मौजूद नहीं थे, जिसके कारण पी.एस.ई.बी. ने उनके रोल नंबर रद्द कर दिए। उन्होंने बताया कि चार अन्य स्कूल जांच के अंतर्गत हैं क्योंकि पंजाब सरकार शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता करने वाली और परीक्षा में गड़बड़ियां करने वाली संस्थाओं पर शिकंजा कसने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंस ने कहा, ÷मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार मानक शिक्षा सुनिश्चित करने और छात्रों के भविष्य की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम 'गोस्ट स्कूल' चलाने वाली और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली संस्थाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे और कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

शिक्षा मंत्री ने माता-पिता और छात्रों को भरोसा दिलाया कि छात्रों को अन्य स्कूल आवंटित करके और मार्गदर्शन देकर योग्य छात्रों के हितों की रक्षा की जाएगी और फर्जी संस्थाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच टीमों को अन्य संदिग्ध स्कूलों की जांच में तेजी लाने और जल्द से जल्द रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सरकारी गाड़ियों में 'चिट्टा' ढोने वाले फिजूलखर्ची का उपदेश न दें, जनता को सब याद है: बलतेज पन्नू

■ **विलेज डिफेंस कमेटियों के शपथ ग्रहण समारोह पर विरोधियों की बौखलाहट उनकी नशा-समर्थक मानसिकता का सबूत**

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने मोगा के किल्ली चाहलां में आयोजित विलेज डिफेंस कमेटियों के शपथ ग्रहण समारोह पर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर तीखा पलटवार किया है। पन्नू ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब को नशा मुक्त करने के लिए उठाए जा रहे कदमों से विरोधियों को इतनी तकलीफ हो रही है कि उन्होंने बेवजह का शोर मचाना शुरू कर दिया है। पन्नू ने कहा कि जो विपक्षी दल आज सरकारी पैसे के खर्च होने का रोना रो रहे हैं, शायद वे अपना शर्मनाक इतिहास भूल गए हैं। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि आज सरकार के पैसे की बात करने वाले बताएं कि जब आपकी सरकारें थीं, तब क्या सरकारी गाड़ियों में 'चिट्टा' सप्लाई नहीं होता था? जनता भूली नहीं है कि कैसे सत्ता के संरक्षण में नशे का कारोबार फला-फूला था। उन्होंने कहा कि आप सरकार जनता का पैसा नशा खत्म करने और पंजाब के भविष्य को बचाने के लिए खर्च कर रही है, न कि तस्करों को संरक्षण देने के लिए।

विरोधियों की हताशा पर तंज कसते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि मोगा के कार्यक्रम में तो अभी केवल विलेज डिफेंस कमेटियों के सदस्य ही आए थे, जिनमें हर गांव से कुछ है जागरूक नागरिकों ने शपथ ली है। जब 'युद्ध नाशयां विरुद्ध 2' के तहत इनके साथ पूरे गांव एकजुट होकर नशे के खिलाफ मैदान में उतरेंगे तब इन विरोधियों का क्या हाल होगा। पन्नू ने कहा कि 'युद्ध नाशयां विरुद्ध% अभियान का दूसरा चरण निश्चित रूप से कामयाब होगा क्योंकि आज हर पंजाबी नशा मुक्त पंजाब चाहता है, लेकिन अगर कोई नहीं चाहता तो वो सिर्फ विपक्षी दल हैं, क्योंकि नशे का खात्मा होते ही इनकी राजनीति की दुकान बंद हो जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मान सरकार पंजाब के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी शख्स को नहीं बख्शेगी।

## एक नजर

### दंपत्ति की कार से लाखों का सामान चोरी

**जीरकपुर।** शादी समारोह में शामिल होने आए एक दंपत्ति की कार को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए कीमती सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना 15 फरवरी की दोपहर की है, जब हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के वीपीओ संतोषगढ़ निवासी 30 वर्षीय आरुष शर्मा अपनी पत्नी के साथ ज़ीरकपुर स्थित अमलताश फार्म्स में एक मित्र की शादी में शामिल होने आए थे। आरुष शर्मा ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि वे अपनी कार को फार्म्स की पार्किंग में खड़ी कर समारोह में शामिल हुए थे। शाम करीब 4 बजे जब वे वापस लौटने लगे तो देखा कि कार की पिछली छोटी खिड़की टूटी हुई थी और वाहन अनलॉक था। जांच करने पर कार से तीन बैग, उनकी पत्नी का पर्स जिसमें सोने की अंगूठी थी, तथा उनका अपना पर्स जिसमें जरूरी दस्तावेज और लगभग 12 हजार रुपये नकद थे, गायब मिले। पीड़ित के अनुसार, चोरी अज्ञात व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा की गई है। उन्होंने स्वयं भी आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद वे पुलिस स्टेशन ज़ीरकपुर पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए इसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(2) के तहत संज्ञान में लिया है। एएसआई राजीव कुमार द्वारा बयान दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और पार्किंग प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है।

### अंबाला से लौट रहे कारोबारी से लिफ्ट लेकर सोने की चेन झपटी, जीरकपुर में केस दर्ज

**जीरकपुर।** अंबाला से लौट रहे एक फाइनेंस कारोबारी को लिफ्ट देना महंगा पड़ गया। दो युवकों ने रास्ते में उससे सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गुरप्रीत सिंह (36), निवासी सेक्टर-117, एसएएस नगर, मूल निवासी गांव नियामतपुर, तहसील राजपुरा, जिला पटियाला, ने थाना जीरकपुर में शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी की रात करीब 11ः50 बजे वह अंबाला से वापस लौट रहे थे। अंबाला बस स्टैंड के पास दो युवकों ने जीरकपुर तक लिफ्ट मांगी, जिस पर उन्होंने उन्हें गाड़ी में बैठा लिया। पटियाला चौक के पास पहुंचने पर एक युवक ने उनकी बांह पकड़ ली, जबकि दूसरे ने गले में पड़ी करीब दो तोले वजनी सोने की चेन और लॉकेट झपट लिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। एक आरोपी को लोगों ने पकड़ भी लिया, लेकिन वह छुड़ाकर फरार हो गया। पीडित ने आरोपियों की पहचान रविंदर सिंह और गौरव के रूप में बताई है और कहा कि सामने आने पर वह उन्हें पहचान सकते हैं। थाना जीरकपुर पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी जीरकपुर में लिफ्ट देकर लूट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बीते वर्ष पटियाला चौक के नजदीक ही एक व्यक्ति से नकदी और मोबाइल झपटने का मामला दर्ज हुआ था। लगातार हो रही ऐसी वारदातों से लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने रात के समय अजनबियों को लिफ्ट देने से बचने की अपील की है।

### पीसीए के सीईओ दीपक शर्मा को इस्तीफा देने का आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के एथिक्स ऑफिसर-कम-ओम्बड्समैन जस्टिस जसपाल सिंह ने एसोसिएशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक शर्मा को 18 फरवरी तक बिना शर्त इस्तीफा देने का निर्देश दिया है। आदेश के अनुसार तय समय तक इस्तीफा न देने पर उनकी सेवाएं स्वतः समाप्त मानी जाएंगी। 13 फरवरी को जारी आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2014-15 के दौरान दो जगह नौकरी करते हुए वेतन लेने के आरोप सिद्ध पाए गए हैं। जांच में सामने आया कि शर्मा ने पीसीए के साथ-साथ पंजाब स्टेट फेडरेशन ऑफ कॉपरटीव हाउस बिल्डिंग सोसाइटी लिमिटेड से भी उसी अवधि में वेतन प्राप्त किया और संबंधित तथ्यों व दस्तावेजों को छिपाया।

आदेश में कहा गया है, यह स्पष्ट है कि उन्होंने वास्तविक तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया और एक ही अवधि के लिए दो स्रोतों से वेतन लेकर आर्थिक लाभ प्राप्त किया, जो कदाचार की श्रेणी में आता है। शर्मा ने पद छोड़ने की इच्छा जताई है। साथ ही आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वे जितनी अवधि तक सेवाएं दे चुके हैं, उस समय के सेवा लाभ उन्हें मिलेंगे। यह शिकायत पीसीए के लाइफ मेंबर राकेश हांडा ने दायर की थी। उनका आरोप था कि 2025 की गवर्निंग बॉडी बैठक में मामला उठने के बावजूद एपेक्स काउंसिल ने कार्रवाई नहीं की। हांडा ने मैनेजर (मेंटेनेंस) अजय गर्ग और मैनेजर (अकाउंट्स एंड फाइनेंस) भूपेंद्र कुमार की नियुक्तियों में भी अनियमितताओं का आरोप लगाया था और कहा था कि दोनों शर्मा के स्कूल के मित्र हैं। इसके अलावा 2023-24 और 2024-25 सीजन में अपने बेटे के चयन को प्रभावित करने तथा पीसीए की संपत्तियों के दुरुपयोग के आरोप भी लगाए गए थे, लेकिन ओम्बड्समैन ने इन्हें प्रमाणित नहीं माना। जस्टिस जसपाल सिंह ने एपेक्स काउंसिल को निर्देश दिया है कि एसोसिएशन के कामकाज को सुचारु रखने के लिए अंतरिम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## विकास को मिली र तार, वार्ड नंबर 26 में 2.36 करोड़ के प्रोजे टों की शुरुआत

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**जीरकपुर।** डेराबस्सी हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा नगर कार्उंसिल जीरकपुर के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 26 में करीब 2 करोड़ 36 लाख 15 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत करते हुए नींव पत्थर रखा गया। स्थानीय निवासियों और पार्टी नेताओं की मौजूदगी में परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर संबोधित करते हुए विधायक रंधावा ने कहा कि हलके में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज प्रणाली को बेहतर बनाने, अंदरूनी गलियों के निर्माण और सड़कों की मरम्मत से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी तथा इलाके की समग्र तस्वीर में भी सुधार आएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं तथा किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि जीरकपुर को योजनाबद्ध और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है।

इन विकास कार्यों में शामिल हैंस्पाई इंस्टिट्यूट के पीछे से गुरुद्वारा नाभा साहिब तक 1600 मिमी आरसीसी पाइप लगाने का कार्य (49.87 लाख रुपये), गुरुद्वारा साहिब के पास सट्ट पार्किंग में 1600 मिमी आरसीसी पाइप (24.85 लाख रुपये), गांव नाभा/जेनी की गली की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण (49.20 लाख रुपये), पप्पी हाउस से ज्ञानी हाउस तक स्टॉर्म सीवर और गली निर्माण (23.73 लाख रुपये), गांव नाभा में अंदरूनी गलियों की मरम्मत (48.01 लाख रुपये), शीशा रोड के पास अंदरूनी गलियों की मरम्मत (24.46 लाख रुपये) तथा पटियाला रोड से होली फैमिली स्कूल तक सड़क की मरम्मत (16.03 लाख रुपये) शामिल हैं। अंत में विधायक रंधावा ने कहा कि हलके के समग्र विकास के लिए प्रयास लगातार जारी रहेंगे और लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन शुरू, 10 लाख तक इनाम की घोषणा


चंडीगढ़। पंजाब में संगठित अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क पर सख्ती से नकेल कसने के लिए एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 जारी किया गया है। पुलिस ने आम जनता से सहयोग की अपील की है। पंजाब पुलिस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर एक पोस्ट किया है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कॉल या व्हाट्सऐप के माध्यम से दी गई हर सूचना को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान किसी भी स्थिति में उजागर नहीं की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस ने भरोसेमंद और पुख्ता जानकारी देने वालों को 10 लाख रुपए तक के नकद इनाम की घोषणा भी की है, बशर्ते वह सूचना गैंगस्टरों की गिरफ्तारी में सहायक साबित हो। पंजाब में पिछले कुछ समय से संगठित अपराध और गैंगस्टर गतिविधियों को लेकर सरकार और पुलिस प्रशासन लगातार सतर्क हैं। इसी कड़ी में यह हेल्पलाइन शुरू की गई है ताकि आम नागरिक भी कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में भागीदार बन सकें। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराध के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस बल के भरोसे नहीं जीती जा सकती, इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 को विशेष रूप से एंटी-गैंगस्टर ऑपरेशन के लिए सक्रिय किया गया है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि हर सूचना का गंभीरता से विश्लेषण किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए विशेष टीमों का गठन भी किया गया है, जो तकनीकी और खुफिया इनपुट के आधार पर अपराधियों तक पहुंचेंगी।

अधिकारियों ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य राज्य में भयमुक्त वातावरण स्थापित करना और युवाओं को अपराध के रास्ते पर जाने से रोकना है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे बिना डरे आगे आएं और समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ आवाज उठाएं।

पंजाब पुलिस का संदेश साफ है, गैंगस्टरों और अपराधियों के लिए राज्य में कोई जगह नहीं है। सामूहिक प्रयास और जन सहयोग से ही पंजाब को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाया जा सकता है।

## अकाली, भाजपा और कांग्रेस ने पंजाब को नशे की दलदल में धकेला, अब 'आम आदमी पार्टी' बना रही नशा मुक्त पंजाब : अरविंद केजरीवाल

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**मोगा।** मोगा में विलेज डिफेंस कमेटी (वी.डी.सी.) के शपथ ग्रहण समारोह में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब सरकार के युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत स्पष्ट और सख्त संदेश देते हुए कहा कि जहां शिरोमणि अकाली दल, भाजपा और कांग्रेस ने राय को नशों में डुबो दिया, वहीं आप की सरकार इस नुकसान की भरपाई के लिए नशों के कारोबार में शामिल हर किसी के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। आप प्रमुख ने कहा कि पंजाब के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने नशा तस्करों को बचाने की बजाय उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने 2,000 किलो से अधिक नशे की बरामदगी, बड़े सौदागरों को जेलों में डालने और उनके महलनुमा घरों पर बुलडोजर चलाने का हवाला देते हुए कहा कि युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के जमीनी स्तर पर सार्थक नतीजे सामने आ रहे हैं। उन्होंने पंजाब के लोगों को सचेत करते हुए कहा कि अगर पिछली सरकारें सत्ता में आईं तो पंजाब को फिर नशों की दलदल में जाने से कोई नहीं बचा सकता। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दोहराया कि आप की सरकार युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत पंजाब पर चिट्टे के दाग को मिटाने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार की रणनीति इस अभियान को सख्ती से लागू करने के माध्यम से नशा मुक्त पंजाब सृजित करने की ओर केंद्रित है, जिसमें हर गांव में खेल मैदानों का निर्माण और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना शामिल है।

आप के दोनों वरिष्ठ नेताओं ने नशा विरोधी अभियान को पंजाब के शासन में एक निर्णायक पड़ाव घोषित करते हुए इसे कानून लागू करने वाला मिशन और प्रदेश भर में लोगों का विश्वास जीतने तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने की ओर निर्देशित एक व्यापक प्रयास करार दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोग आज युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान में शामिल होने के लिए एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि एक साल पहले 1 मार्च को मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने यह अभियान शुरू किया था। उन्होंने कहा कि जब हमने एक साल पहले युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान शुरू किया था तब लोगों में इसके प्रति यादा उत्साह नहीं था क्योंकि उन्होंने पिछली सरकारों को बड़े-बड़े दावे करते और जमीनी स्तर पर कुछ न करने देखा था। उन्होंने कहा कि इसी कारण जब हमने नशों के खिलाफ यह जंग शुरू की तो उस समय लोगों में कहीं न कहीं सहम और झिझक का माहौल था और कोई भी नशा तस्करों और नशों के बारे में जानकारी साझा करने के लिए आगे आने को तैयार नहीं था क्योंकि उन्हें डर था कि अगर वे ऐसा करेंगे तो उनके परिवारों को डराया-धमकाया और तंग-परेशान किया जाएगा।

पिछले साल की कार्रवाई पर प्रकाश डालते हुए आप प्रमुख ने आगे कहा कि पिछले एक साल में, जिस तरह पुलिस ने नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और विभिन्न स्थानों से नशीले पदार्थ जब्त किए, जिसमें 2,000 किलो से अधिक नशीले पदार्थों की बरामदगी और नशा बेचने वालों के शानदार बंगलों पर बुलडोजर चलाना, नशों के बड़े तस्करों (जिनका नाम लेने से भी लोग डरते और कांपते थे) को जेलों में डालना शामिल है, तो धीरे-धीरे लोगों को विश्वास होने लगा कि यह आप की सरकार है, यह भगवंत मान की सरकार है, जो किसी से नहीं डरती।

उन्होंने कहा कि पहली बार पंजाब में नशों के खिलाफ ऐसा जोरदार अभियान शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में हिस्सा लेने के लिए आज का विशाल समागम स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि जनता का विश्वास बढ़ रहा है और लोगों के दिलों से डर उठ रहा है, जिसके चलते लोग आगे आ रहे हैं और सरकार तथा पुलिस में उनका विश्वास मजबूत हो रहा है।

इस अभियान के तहत सृजित संरचना के बारे में बताते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरे पंजाब के हर गांव और हर वार्ड में लोगों की कमेटियां बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत विलेज डिफेंस कमेटियां (वी.डी.सी.) बनाई जा रही हैं और प्रत्येक वार्ड और गांव के सम्मानित और प्रभावशाली लोगों जैसे सेवानिवृत्त शिक्षक, सेवानिवृत्त फौजी अधिकारी, युवा, सरपंच आदि को इन कमेटियों में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन कमेटियों की मुख्य रूप से दो जिम्मेदारियां हैं, जिसमें पहली जिम्मेदारी सरकार को उन लोगों के बारे में सूचित करना है जो गांव या वार्ड में नशा बेच रहे हैं और ऐसे लोगों के बारे में जिनसे वे आगे नशा खरीदते हैं।

सुरक्षा संबंधी शंकाओं पर बात करते हुए आप प्रमुख ने आगे कहा कि बहुत से लोग अभी भी सोचते हैं कि अगर वे जानकारी देंगे तो उनके परिवारों को मार दिया जाएगा या परेशान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए पंजाब सरकार ने एक एप बनाया है और यह एप हर गांव रक्षा कमेटी सदस्य के फोन में डाला गया है। उन्होंने कहा कि हर सदस्य इस एप के माध्यम से जानकारी दे सकता है, जिसकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और किसी को भी पता नहीं चलेगा कि आपने कोई जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि डरने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि बहुत सी गांव रक्षा कमेटियां पहले ही जानकारी साझा कर रही हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई कि गांव रक्षा कमेटी के यादातर सदस्यों ने कहा कि वे किसी से नहीं डरते और वे इस युद्ध में पूरी तरह सरकार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि अब पूरा पंजाब एकजुट हो रहा है, लोगों के मन से डर निकल रहा है और गांवों के लोग नशा बेचने वालों को मुंह तोड़ जवाब दे रहे हैं।

इस अभियान के तहत सरकार के दो मुख्य कार्यों को स्पष्ट करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि पहला कार्य नशा बेचने वालों के बारे में जानकारी प्रदान करना है ताकि पुलिस उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करके जेल भेज सके और दूसरा कार्य यह सुनिश्चित करना है कि गांव में जो लोग नशे की लत का शिकार हैं, उन्हें इलाज के लिए नजदीकी केंद्र में ले जाया जाए ताकि वे नशों की दलदल से बाहर निकल सकें।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गांव रक्षा कमेटियों के पास अब अपने गांव को नशा मुक्त बनाने की जिम्मेदारी है। इसलिए जो भी कदम उठाने की जरूरत है, वे उठाएं और हमें बताएं कि आपको इस कार्य के लिए किस चीज की जरूरत है, हमारी ओर से सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। आपको जिस भी संसाधन और मदद की जरूरत है, वह दी जाएगी। इसलिए अब अपने आस-पास के इलाके को नशा मुक्त बनाने की जिम्मेदारी अब आपकी है और पूरी पुलिस आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मुख्यमंत्री सहित पूरा प्रशासन आपके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से आप द्वारा दी गई सारी जानकारी सीधे मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचती है, जिस पर तुरंत कार्रवाई होती है।

अरविंद केजरीवाल ने जोर देकर कहा कि अगर स्थानीय स्तर पर कोई भी पुलिस अधिकारी अच्छा काम करता है तो उसे इनाम दिया जाएगा और अगर कोई भी पुलिस अधिकारी नशा बेचने वालों से मिलीभगत करता पाया जाता है तो उसे किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन कमेटियों के अधिक से अधिक विस्तार की अपील करते हुए आप प्रमुख ने कहा, धीरे-धीरे, गांव रक्षा कमेटी 10 सदस्यों तक सीमित न रहे बल्कि इसके अंतर्गत पूरे गांव को शामिल किया जाए। अगर पूरा गांव एकजुट हो जाएगा तो कोई भी नशा बेचने की हिम्मत नहीं करेगा।

पुनर्वास और युवाओं की भागीदारी पर बोलते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, हर गांव में मुख्यमंत्री भगवंत मान खेल मैदान बनवा रहे हैं। वहां आप क्रिकेट, वॉलीबॉल और फुटबॉल खेल सकते हैं। खेल का सामान भी उपलब्ध कराया जाएगा। हमारी कोशिश है कि जो बचे नशे से बाहर आएं, वे दोबारा उसमें न जाएं। उन्हें खेलों की ओर ले जाने व रोजगार की व्यवस्था की जा रही है। अब तक 60,000 सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। भगवंत मान ने 60,000 सरकारी नौकरियां बिना रिश्वत और बिना सिफारिश के दी हैं। रोजगार के और अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जो बचे नशे के शिकार हैं, उन्हें नशे से बाहर निकालकर खेलों की ओर प्रेरित करने और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार काम कर रही है।

उन्होंने कहा, आपको हर गांव के हर परिवार के पास जाना होगा और बताना होगा कि पंजाब को नशे में किसने धकेला -अकाली दल, भाजपा और कांग्रेस। जब उनकी सरकारें सत्ता में थी, तब पंजाब का हर परिवार नशे में डूब रहा था। उन्होंने पंजाब के युवाओं को बर्बाद किया। हर परिवार और पंजाब के भविष्य को नुकसान पहुंचाया। आपको हर घर जाकर कहना होगा कि इन पार्टियों को भूलकर भी वोट न दें, वरना पंजाब फिर से नशे में डूब जाएगा। पहली बार ऐसी पार्टी आई है जो नशा बेचने वालों का पीछा कर रही है, उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज रही है, उनके घरों और बंगलों को गिरा रही है, उनकी संपत्ति जब्त कर रही है और उनके बैंक खाते फ्रीज कर रही है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, प्रदेश में पहली बार भगवान की कृपा से ऐसी सरकार आई है। किसी भी परिस्थिति में आपको अन्य पार्टियों को वोट नहीं देना चाहिए। यह ग्राम रक्षा कमेटियों की जिम्मेदारी है।

# घरौंडा सेक्टर-9 को विकसित करने की कवायद तेज

## सामुदायिक केंद्र, पार्क और वाणिज्यिक साइट के लिए बनाई जाएगी योजना

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**घरौंडा, 16 फरवरी।** घरौंडा के सेक्टर-9 में आवासीय सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में पहल तेज हो गई है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज अधिकारियों के साथ सेक्टर-9 का दौरा कर मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर की कनेक्टिविटी, भविष्य की जरूरतों और मूलभूत सुविधाओं को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उनका कहना है कि सेक्टर में प्लाट खरीदने वालों को बेहतर माहौल और सुविधाएं मिलनी चाहिए, इसके लिए ठोस योजना तैयार की जाएगी।

दौरे के दौरान हरविन्द्र कल्याण ने सेक्टर-9 के मौजूदा प्लान को देखा और अधिकारियों से सेक्टर की स्थिति पर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस सेक्टर को इस तरह विकसित किया जाए, ताकि यहां रहने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए गए। विधानसभा अध्यक्ष ने सेक्टर-9 में सामुदायिक केंद्र, वाणिज्यिक साइट और पार्क जैसी सुविधाओं को विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अभी से योजना बनाई जाए, ताकि आने वाले समय में सेक्टर पूरी तरह विकसित रूप में नजर आए।

इस मौके पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की संपदा अधिकारी अदिति, राजेश सोनी, नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, मार्केट कमेटी चेयरमैन राजकुमार पालीवाल, तहसीलदार तरूण प्रकाश, नायब तहसीलदार अरविंद यादव,क्राउन सीटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान डॉ धर्मवीर सिंह,मदन लाल इशपुण्यानी वरिष्ठ भाजपा नेता,पुरषोत्तम सेठी पूर्व पार्षद,भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, एमई संदीप लाठर सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### डींगर माजरा रोड से जोड़ने पर विचार



सेक्टर-9 को डींगर माजरा रोड से जोड़ने के सवाल पर हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि यदि जमीन मालिक जमीन देने को तैयार होते हैं, तो सेक्टर की कनेक्टिविटी और बेहतर की जा सकती है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को जमीन मालिकों से बातचीत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि निचले स्तर पर सभी पहलुओं को देखते हुए योजना बनाई जाए और जो भी कार्य संभव हो, उसे प्राथमिकता से आगे बढ़ाया जाए।

### 2022 में काटा गया था सेक्टर

उल्लेखनीय है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2022 में सेक्टर-9 को विकसित किया गया था। इस सेक्टर में चार, पांच और छह मरला आकार के कुल 294 प्लाट हैं, लेकिन फिलहाल इनमें से अधिकांश प्लाट खाली पड़े हैं। वर्तमान में सेक्टर की कनेक्टिविटी कैमला रोड से है। विधानसभा अध्यक्ष का प्रयास है कि भविष्य में यहां लोगों को हर प्रकार की मूलभूत सुविधा मिले और सेक्टर जल्द आबाद हो।

# इंडोनेशिया में चल रही प्रतियोगिता में आर्यन ने बैंडमिंटन में जीता गोल्ड

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**बराड़ा, 16 फरवरी।** बराड़ा उपमंडल के गांव नाहोनी के युवा खिलाड़ी ने इंडोनेशिया में आयोजित अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। इस खुशी में सोमवार को उनका परिवार श्री गुरू रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ पहुंचा और माथा टेक संत मनदीप दास जी से आशीर्वाद लिया। संत मनदीप दास जी ने परिवार का मुंह मीठा कर उन्हें बधाई दी। आर्यन के पिता रजनीश कुमार गांव में दुकानदार हैं और माता पूनम गांव के ही सरकारी स्कूल में टीचर हैं। मां पूनम ने बताया कि आर्यन (21) स्नातक तक पढ़ाई कर चुका है। पांचवीं कक्षा से ही आर्यन का खेलों में रूझान बढने़ लगा। उसके बाद लगातार वह खंड स्तर, जिला स्तर और प्रदेश स्तर पर खेलों में भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान हासिल करता रहा। पूनम ने बताया कि आर्यन का बॉल बैडमिंटन में रूझान बढने़ लगा लेकिन सही मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में यमुनानगर से खिलाड़ी और समाजसेवी सुशील कुमार ने उनसे संपर्क किया। सुशील कुमार ने आर्यन को प्रोत्साहित किया और दिल्ली में कोचिंग की बात कही। कोचिंग के बाद आर्यन ने तमिलनाडू में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर रजत मैडल जीता।

आर्यन की माता पूनम बताया भारतीय बाल बैडमिंटन महासंघ के सचिव आशुतोष राणा ने भी आर्यन का मनोबल बढ़ाया और 13 फरवरी से 19 फरवरी तक इंडोनेशिया में होने वाले इंडो-इंडोनेशिया बाल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज के लिए आर्यन का चयन हुआ। जहां आर्यन ने अपनी बेस्ट प्रस्तुति देते हुए गोल्ड मैडल जीता। जिसके बाद गांव नाहोनी और क्षेत्र में खुशी की लहर है। सुशील कुमार ने बताया कि वह नेशनल नोकायन प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते रहते हैं। आर्यन ने भी देश का नाम रोशन किया है। वहीं, संत मनदीप दास जी महाराज ने कहा कि आर्यन ने ना केवल क्षेत्र और प्रदेश का बल्कि देश का नाम रोशन किया है। वह सतगुरू से अरदास करते हैं कि आर्यन इसी तरह तरक्की की बुलंदियों को छूता रहे। वहीं, समाजसेवी राजेश कटारिया, रमेश पाल नाहोनी समेत अन्य ने आर्यन की इस उपलब्धि पर बधाई दी है। पिता रजनीश ने कहा कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है, जिन्होंने उनका सिर ऊंचा कर दिया है।

## एक नजर

### कर्मचारी मजदूर यूनियन ने कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रादौर.** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन की ओर से सोमवार को जिला प्रधान मनोज कुमार की अध्यक्षता में कृषि मंत्री को अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के निर्देश दिए थे। लेकिन सरकार द्वारा अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया। उन्होंने सरकार से अपील की है कि हरियाणा के हर जिले अंदर सभी कच्चे सफाई कर्मचारियों को जल्द से जल्द पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन ने कैबिनेट मंत्री श्याम राणा के नाम कच्चे कर्मचारियों पक्का करने को लेकर ज्ञापन सौपा। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन समय-समय पर सफाई कर्मचारी साथियों की आवाज बुलंद करने का काम करते हैं। संवैधानिक तरीके से संविधान को मानने वाले लोग हैं। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर धान मनोज कुमार, सचिव विजय मंडेबर, कैशियर हरीदास, चेयरमैन राजपाल, प्रचार सचिव राजेश ऑडियर, जितेंद्र, उपाध्याय प्रदीप, संदीप जगाधरी के प्रधान विक्की पार्चा, सचिव आकाश, वरिष्ठ उपप्रधान राजन, उप प्रधान प्रिन्स आदि मौजूद रहे।

### भजन संध्या का आयोजन

**लाडवा.** लाडवा के वार्ड नंबर सात की शिव कालोनी के शिव मंदिर में रविवार देर सायं को माता काली व भैरों की मूर्ति स्थापना के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में भजन इक्षसगर बिंदर मिर्जापुरिया एंड पार्टी द्वारा भगवान शिव व माता के भजनों पर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। मंदिर में माता काली व भैरों की मूर्ति विधिवत रूप से स्थापित की गई। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या का शुभारंभ मंदिर संचालक संत मलूक गिरी द्वारा दीप प्रज्जवलित व पूजा करके की गई। भजन संध्या में निकाली गई सुंदर-सुंदर झांकियां देखकर सब मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर संत मलूक गिरी ने कहा कि बाबा भोले नाथ विष पीकर भी अमृत बांटते है और स्वयं कष्ट सहकर दुसरों को सुख देने का मार्ग दिखाते है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को भगवान भोले नाथ का अनुसण करते हुए स्वयं कष्ट सहकर दूसरों को सुख देना चाहिए। भगवान शिव कल्याणकारी है और सभी का कल्याण करते हैं। सोमवार को मंदिर में सुबह भगवान शिव की आरती हुई, दोपहर 11 बजे हवन व एक बजे विशाल भंडारे का आयोजन भी किया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में अनेक शिव भक्तों ने सेवा की।

### देवी मंदिर में मासिक संकीर्तन का आयोजन

**रादौर.** शहर के देवी मंदिर में मासिक संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। संकीर्तन के दौरान भजन मंडली एवं श्रद्धालुओं ने माता रानी व भगवान शंकर के भजनों का गायन किया। मैया तेरे चरणों की गर धूल, धरती गगन में होती है तेरी जय जयकार, पार्वती बोली शंकर से, सुनिए भोलेनाथ जी तथा जैसे मस्तक पे चंदा है, गंगा बसी जटाओं में जैसे भजनों की प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया और सभी ने भगवान से सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मनमोहन गुप्ता ने बताया कि स्थानीय लोगों की ओर से महीने में एक बार संकीर्तन का आयोजन किया जाता है।

### विशेषज्ञ व्याख्यान पर कार्यशाला आयोजित

**रादौर.** शहर के सरकारी कॉलेज में सोमवार को एक विशेषज्ञ व्याख्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डेलसोफ्ट टेक्नोलजी प्राइवेट लिमिटेड के के प्रतिनिधि बृजपाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य एसके सिंही भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।उन्होंने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। बृजपाल ने विद्यार्थियों को रोबोटिक्स के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, उभरते हुए करियर अवसरों व इंडस्ट्री में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन तथा रियल-टाइम इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स से संबंधित महत्वपूर्ण उदाहरण साझा किए, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में कंप्यूटर विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। प्राचार्य एसके सिंह ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं करियर मार्गदर्शन में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। महाविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित करता रहेगा।

### 'किडवेंचर बेबी शो' का भव्य आयोजन 22 को

**कुरुक्षेत्र, 16 फरवरी।** धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के अभिभावकों और नन्हे-मुन्नों के लिए एक खास अवसर आने वाला है। 22 फरवरी 2026 (रविवार) को प्रातः 10:30 बजे सरस्वती एन्क्लेव, खेड़ी मार्कंडा में भव्य 'बेबी शो' का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय की संस्थापिका श्रीमती दीपशिखा बेनीवाल ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि इस विशेष आयोजन का उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानना और उसे एक सशक्त मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में बच्चों का आत्मविश्वास और सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी कला, अभिव्यक्ति और हुनर को खुलकर प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।

# ज्योति शर्मा दोबारा बनीं जिला परिषद प्रधान

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**पानीपत, 16 फरवरी।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को जिला परिषद प्रधान पद का चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा के निर्देशानुसार निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कड़े सुरक्षा प्रबंधों और प्रशासनिक निगरानी के बीच हुए इस चुनाव में पूर्व प्रधान ज्योति शर्मा को ड्रा के माध्यम से विजयी घोषित किया गया।

चुनाव प्रक्रिया के तहत जिला परिषद के सभी 16 सदस्यों ने ईवीएम के माध्यम से मतदान किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 11:00 बजे से 11:30 बजे तक सदस्यों की उपस्थिति दर्ज की गई। इसके बाद चुनाव संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। 11:45 बजे से 12:15 बजे तक प्रस्तावकों एवं उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनकी विधिवत जांच की गई। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ईवीएम मशीन तैयार कर मतदान कराया गया तथा तत्पश्चात मतगणना की गई। प्रधान पद के लिए ज्योति शर्मा और सुदेश दो प्रत्याशी मैदान में थीं। दोनों को 8-8 मत प्राप्त हुए। बराबरी की स्थिति बनने पर निर्वाचन नियमों के अनुसार ड्रा निकाला गया, जिसमें ज्योति शर्मा के नाम की पर्ची निकली। चुनाव अधिकृत अधिकारी एवं नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने उन्हें विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी, जिससे पूरा माहौल शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बना रहा। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मतदान से लेकर मतगणना तक की सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी ढंग से पूरी की गई। चुनाव प्रारंभ होने से पूर्व उपायुक्त एवं निर्धारित प्राधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने सभी पार्षदों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि पूरी प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शुचिता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाए। उपायुक्त डॉ. दहिया ने बताया कि जिला परिषद प्रधान का चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हुआ है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है। सभी निर्वाचित सदस्यों ने जिम्मेदारी और अनुशासन का परिचय दिया है। मैं नवनिर्वाचित प्रधान ज्योति शर्मा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि वे जिला परिषद के माध्यम से जनहित में प्रभावी कार्य करेंगी। इस अवसर पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार मनोज कुमार, डीडी पीओ राजेश शर्मा, डीएसपी राजवीर सहित अन्य अधिकारी और पार्षद उपस्थित रहे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में नरवाना में लगा उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर, सुनी जनसमस्याएं

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**नरवाना, 16 फरवरी।** नरवाना के स्थानीय लघु सचिवालय सभागार में सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम जगदीश चंद्र ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान की प्रक्रिया शुरू की गई।

एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नरवाना में भी प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10-00 बजे से 12-00 बजे तक यह शिविर लगाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की शिकायतों का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का समय पर और समान रूप से लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर के दौरान प्राप्त शिकायतों का निस्तारण संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से तत्काल करवाया जाता है। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित लंबित एवं नई शिकायतों का अद्यतन ब्यौरा समाधान शिविर में प्रस्तुत करें तथा समस्या के समाधान उपरांत प्रतिदिन रिपोर्ट उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

शिविर में तहसील से कानूनगो सुनील कुमार, बीडीपीओ नरवाना कार्यालय से एसईपीओ रीतू, बीडीपीओ उझाना से एसईपीओ तेजवीर, जन स्वास्थ्य विभाग से एसडीओ कुलदीप सिंह, नगर परिषद सचिव संदीप, ब्लॉक फॉरेस्ट ऑफिसर अश्वनी कुमार, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से रिंटा, सीडीपीओ कार्यालय से ऋतु सुपरवाइजर, लोक निर्माण विभाग से जेई प्रदीप शर्मा, क्रीड विभाग से सुरेश नैन, लिपिक ज्योति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिन पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रशासन का कहना है कि समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन को राहत देने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल व पारदर्शी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# भाजपा नेता जय भगवान ने मंदिरों में किया जलाभिषेक, प्रदेश की खुशहाली की कामना

पिहोवा, 16 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा (डीडी) ने क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और प्रदेश व क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाये, इस्हाक व रामगढ़ रोड क्षेत्र के गांवों तथा इस्माईलाबाद स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माथा टेका। मंदिरों में उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर पंडित जय भगवान शर्मा (डीडी) ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हमें सत्य, संयम और सेवा का संदेश देता है। भगवान शिव की आराधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और नई शक्ति का संचार होता है। उन्होंने कहा कि वे भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करते हैं कि प्रदेश और हल्का पिहोवा में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। उन्होंने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से प्रदेश को विकास के नए आयामों पर ले जा रही है। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में प्रदेश में पारदर्शी और जनहितैषी शासन स्थापित हुआ है। पंडित जय भगवान शर्मा (डीडी) ने कहा कि धार्मिक आस्था और विकास कार्य साथ-साथ चलें, यही भाजपा सरकार की सोच है। महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व समाज में एकता, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देते हैं। इस अवसर पर उनके साथ अनेक गणमान्य व्यक्ति व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और अनुशासन से जोड़ें: कृष्ण बेदी

## कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने महात्मा बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक समारोह में की शिरकत

**टोहाना, 16 फरवरी।** महात्मा बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम वार्षिक समारोह 'प्रज्ञा उत्सव' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने विद्यालय परिसर का अवलोकन किया और कक्षाओं में स्थापित डिजिटल बोर्ड, आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों, खेल सुविधाओं तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए किए गए उत्कृष्ट प्रबंधों की सराहना की।

कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण बेदी ने कहा कि स्थापना के प्रथम वर्ष में ही इस प्रकार की उपलब्धियाँ प्राप्त करना विद्यालय प्रबंधन की दूरदर्शिता और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने विशेष रूप से एआई आधारित शिक्षण प्रणाली, डिजिटल बोर्ड एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह व्यवस्था विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है, परंतु संस्कारवान बनना सबसे अधिक आवश्यक है। संस्कार माता-पिता और विद्यालय-दोनों से मिलते हैं। आज के दौर में मोबाइल और इंटरनेट की बढ़ती व्यस्तताओं के कारण कई बार बच्चों को पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं मिल पाता, ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। शिक्षक न केवल ज्ञान प्रदान करें, बल्कि विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और अनुशासन से भी जोड़ें, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बन सकें।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विद्यालय महात्मा बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही है और प्रदेश को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना कर स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ किया जा रहा है। सरकार व्यापारी, कर्मचारी, युवा एवं मातृशक्ति सहित सभी वर्गों के साथ विश्वास के आधार पर ÷सबका साथ, सबका विकास÷ की भावना से कार्य कर रही है। विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप नैन ने कहा कि महात्मा बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि शिक्षा का एक सकारात्मक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ संस्कार, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों से समृद्ध बनाना है।

इस अवसर पर कुलदीप नैन, बलवान सिंह चौहान, बलकार बेनीवाल, राजीव, दीपक, जगतार सिंह संधू, टोहाना रत्न डॉ. शिव सचदेवा, नप चेयरमैन नरेश बंसल, सेवानिवृत्त डीईओ दयानंद सिहाग, बीईओ जगदीश शेवड़ा, सेवानिवृत्त बीईओ रघुवीर नैन, प्रधानाचार्य सुनील बंसल सहित क्षेत्र के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण एवं गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

रोष | जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेशव्यापी हुंकार, जिला मुयालयों पर जोरदार धरना-प्रदर्शन

# सरकार की नीतियों पर कांग्रेस का वार, राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता




**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस ने मौजूदा सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध स्वरूप जिला कांग्रेस अध्यक्षों के नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया एवं उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने इस धरना प्रदर्शन में सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए और जन विरोधी नीतियों के चलते सरकार को खूब-कोसा। यह जानकारी देते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा की मौजूदा सरकार तुगलकी फरमानों के माध्यम से जनता को अनावश्यक रूप से परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल भावना— समानता, न्याय एवं जनकल्याण— सरकार की नीतियों से आहत हो रही है। उन्होंने भारतङ्कअमेरिका ट्रेड डील को देश की कृषि अर्थव्यवस्था और किसानों के हितों के विरुद्ध बताते हुए कहा कि इस समझौते के माध्यम से विदेशी कंपनियों को भारतीय बाजार में अनियंत्रित प्रवेश देने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे घरेलू किसानों की उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इससे न केवल खाद्यान्न सुरक्षा बल्कि कृषि आत्मनिर्भरता भी खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि क्या वैश्वीकरण के नाम पर देश की कृषि क्रांति की उपलब्धियों को कमजोर करना उचित है?

बुढ़ापा पेंशन योजना में बदलाव पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पेंशन का मापदंड बच्चों की आय से जोड़ना पूरी तरह अनुचित है। यह योजना बुजुर्गों को सम्मान और सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई थी, किंतु सरकार के इस निर्णय से बुजुर्गों के सम्मान को ठेस पहुंच रही है।

राशन कार्ड से नाम काटे जाने के मामलों पर उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को बिना ठोस कारण के योजनाओं से वंचित किया जा रहा है, जो खाद्य सुरक्षा के अधिकार के विपरीत है।

एचपीएससी में भर्ती प्रक्रियाओं को लेकर उन्होंने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि हरियाणा के युवाओं की उपेक्षा कर बाहरी राज्यों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता देना प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं के साथ अन्याय है। यह सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। इस धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'तेरा हमसफ़र' ने छेड़ी दिल की धड़कन, 'तेरा हमसफ़र' लॉन्च पर सितारों की चमक





देसी तड़का म्यूजिक ने अपने बहुप्रतीक्षित रोमांटिक म्यूज़िक वीडियो 'तेरा हमसफ़र' को रिलीज़ कर प्यार के मौसम को और भी खुशनुमा बना दिया। रिलीज़ होते ही इस गीत को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है और सोशल मीडिया पर इसकी रील्स और स्टोरीज़ तेजी से ट्रेंड कर रही हैं। मुंबई में आयोजित भव्य लॉन्च इवेंट में बॉलीवुड की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। अभिनेत्री तान्या चटर्जी , ईशान मसीह और दीपन्निता पत्र ने अपनी उपस्थिति से शाम को ग्लैमरस बना दिया। इस अवसर पर निर्माता मनोहर रामचंदानी और कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर प्रीतेश शाह भी मौजूद रहे। वीडियो में फराह टिटिना और उज्ज्वल अरोड़ा की इमोशनल केमिस्ट्री दर्शकों को भावुक कर देती है। फराह ने बताया कि व्हीलचेयर वाला सीन उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण और भावनात्मक था। वहीं उज्ज्वल अरोड़ा ने कहा कि फराह को लिफ्ट करने वाला दृश्य उनके करियर के सबसे इमोशनल पलों में से एक रहा। यश हेक, सीईओ, देसी तड़का म्यूजिक का मानना है कि जो गीत दिल को छू जाए, वही सच्चा हिट होता है। 'तेरा हमसफ़र' ऐसा ही गीत है जो हर किसी की प्लेलिस्ट में अपनी जगह बनाएगा। गाने को अपनी आवाज़ दी है सिंगर हैरी मालया ने, जबकि निर्माता मुकेश शर्मा और निर्देशक अरशद सिद्दीकी की जोड़ी ने इसे भावनाओं से भरपूर सिनेमाई अंदाज़ दिया है। अरशद सिद्दीकी ने बताया कि मुकेश शर्मा के साथ यह उनका सातवाँ प्रोजेक्ट है और 'तेरा हमसफ़र' महज़ साढ़े चार मिनट का गीत नहीं, बल्कि एक खूबसूरत लघु फिल्म जैसा अनुभव है। संगीत निर्देशन लियाकत अजमेरी का है, जबकि गीतकार हुस्ना खान और लियाकत अजमेरी ने मिलकर इसके बोलों में गहरी संवेदनाएँ पिरोई हैं। डीओपी प्रशांत प्रुस्ती और कोरियोग्राफर फिरोज़ शेख विक्की ने इसे विजुअली और परफॉर्मेंस के स्तर पर खास बना दिया है। निर्माता मुकेश शर्मा ने संकेत दिए कि इस गीत को सीरीज़ के रूप में पार्ट 2 और 3 में भी आगे बढ़ाया जा सकता है, जिससे 'तेरा हमसफ़र' की प्रेम कहानी और भी विस्तार ले सके।

# लारा दत्ता ने महेश भूपति संग अपने रिश्ते को बताया आग और हवा का मेल



अभिनेत्री लारा दत्ता पूर्व टेनिस प्लेयर महेश भूपति के साथ खुशहाल वैवाहिक जीवन जी रही हैं। सोमवार को कपल ने शादी के 15 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर लारा ने इंस्टाग्राम के जरिए पति महेश को शुभकामनाएं दीं। लारा ने महेश के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में दोनों एक दूसरे के साथ बहुत खुश और रोमांटिक नजर आ रहे हैं। लारा ने लिखा, 15 साल, मैं आग और वो हवा। मैं चिंगारी लगाती हूं, तो वे उसे और भड़का देते हैं, और हैरानी की बात ये है कि अब तक हमने घर नहीं जलाया। अभिनेत्री ने आगे लिखा कि इतने सालों में दोनों ने एक-दूसरे को प्रोफेशनल तरीके से परेशान करना, ऐसे लड़ना जैसे कोई खेल हो, यह दिखाना कि हम बिल्कुल भी प्रतिस्पर्धी नहीं हैं, और फिर भी हर दिन एक-दूसरे को ही चुनना सीखा है। अभिनेत्री की पोस्ट फैंस और उनके दोस्तों को काफी पसंद आ रही है। कई यूजर्स उनके मजाकिया अंदाज को काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेता गजराव ने हार्ट इमोजी के साथ शानदार प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री लारा दत्ता और महेश भूपति की पहली मुलाकात एंटरटेन्मेंट और स्पोर्ट्स को लेकर एक बिजनेस मीटिंग के दौरान हुई थी। काम के सिलसिले में दोनों के बीच दोस्ती हुई थी और धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई। 9 साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने पहले 16 फरवरी 2011 को सिविल मैरिज की और उसके बाद गोवा में क्रिश्चियन रस्मों के साथ शादी की। इस जोड़े की एक बेटी सायरा भूपति है। अभिनेत्री लारा जल्द ही फिल्म वेलकम के तीसरे पार्ट वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार, दिशा पटानी, रवीना टंडन, फरदीन खान समेत अन्य स्टार्स प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# महिलाओं और वीर कहानियों को सपोर्ट करना सही लगता है : श्वेता त्रिपाठी



अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने प्रोड्यूसर के रूप में महिलाओं पर आधारित और क्वीर कहानियों को सपोर्ट करने का फैसला किया है, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह सही है और इस काम में उन्हें खास महसूस होता है। एक आर्टिस्ट के तौर पर यह उनके लिए एक बड़े मकसद का हिस्सा है। श्वेता ने हाल ही में अपनी पहली क्वीर फिल्म मुझे जान ना कहो मेरी जान को प्रोड्यूस करने की घोषणा की है। इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम मुख्य भूमिका में हैं और यह एक क्वीर लव स्टोरी है, जो इस साल फ्लोर पर आने की उम्मीद है। फिल्म में श्वेता खुद भी अभिनय कर रही हैं। श्वेता पहले भी क्वीर प्ले कॉक को प्रोड्यूस कर चुकी हैं, जो माइक बार्टलेट की ओलिवर अवॉर्ड विनर ड्रामा है। कई शहरों में ये ड्रामा प्ले हुआ और दर्शकों से इसे शानदार रिस्पॉन्स मिला। अभिनेत्री ने बताया, मेरे लिए यह बहुत पर्सनल है। अगर हम समाज में कोई खास बदलाव देखना चाहते हैं, तो हमें खुद इसका हिस्सा बनकर शुरुआत करनी होगी।

महिलाओं और क्वीर लाइफ की कहानियां हमेशा से मौजूद रही हैं, लेकिन उन्हें वह जगह और सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार हैं। अब जब मुझे चुनने और कुछ बनाने का मौका मिला है, तो मुझे इसका सही इस्तेमाल करना है। वह चाहती हैं कि यह कहानी दर्शकों को जानी-पहचानी और खास लगे। उनका मानना है कि क्वीर कहानियां असरदार होने के लिए जोरदार या सनसनीखेज नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया, कभी-कभी ये कहानियां कोमल और रोजमर्रा की होती हैं। वे हमेशा खुद को जाहिर नहीं करतीं, लेकिन आपके साथ रहती हैं। मैं इसी तरह के काम से जुड़ना चाहती हूं। श्वेता ने आगे कहा, यह वह रास्ता लगता है जिस पर मैं चलना चाहती हूं। महिलाओं पर आधारित विषयों को सपोर्ट करना, क्वीर आवाजों को बढ़ावा देना और अपने फैसलों में ईमानदार रहना। यह सही लगता है और मेरे लिए एक आर्टिस्ट के तौर पर घर जैसा और बड़े मकसद का हिस्सा है। अभिनेत्री जल्द ही मिर्जापुर-द मूवी में नजर आएंगी, जो 4 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म में श्वेता त्रिपाठी के साथ पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु, रसिका दुग्गल समेत पुराने और नए कलाकार शामिल हैं।

### अजय बाली ने जगाई आस्था की ज्योति

## अजय बाली की आवाज में गूंजा शिवनाम का जादू, भक्ति से पॉप तक का सफर- अजय बाली ने फिर जीता श्रोताओं का दिल

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सिंगर अजय बाली का नया भजन जय शिव शंकर जय भोलेनाथ रिलीज होते ही भक्तों के दिलों में बस गया है। यह भजन आरडीसी मीडिया के माध्यम से जारी किया गया है और इसे दर्शकों का शानदार प्रतिसाद मिल रहा है। शिवभक्ति से ओतप्रोत इस गीत में अजय बाली की दमदार आवाज और भक्ति भाव की गहराई साफ झलकती है। अजय बाली, जिन्हें उनके फैंस 'चिप्पी रॉकर' के नाम से भी जानते हैं, हर जॉनर में अपनी अलग पहचान रखते हैं। भजन, पंजाबी पॉप और रोमांटिक ट्रैक—हर शैली में उन्होंने अपनी गायकी का जादू बिखेरा है। उनके एल्बम और गाने एचएमवी सारेगामा, आरडीसी मीडिया, नेक्स्ट 9, एम एच 1 जैसे प्रतिष्ठित म्यूज़िक प्लेटफॉर्म्स से रिलीज होकर लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। मां दुर्गा की स्तुति शेरावाली जगदंबे मां से लेकर भोले बाबा के भजनों तक, साईं बाबा के भजन से लेकर मेरे साईं का जलवा और श्री हनुमान भजन जैसे आध्यात्मिक गीतों में अजय बाली ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की है। उनका पंजाबी गीत इक पिंड दी कुड़ी भी ब्लॉकबस्टर रहा है, जिसने युवाओं के बीच खास पहचान बनाई।

## चेक बाउंस केस में एक्टर राजपाल यादव को राहत, दिल्ली हाई कोर्ट ने सज़ा पर लगाई अंतरिम रोक



दिल्ली हाई कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में अभिनेता राजपाल यादव की सज़ा पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने राहत देते हुए कहा कि रेस्पोंडेंट के बैंक अकाउंट में 1.5 करोड़ रुपये जमा करा दिए गए हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए सज़ा पर अस्थायी रोक लगाई जा रही है। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि सज़ा पर रोक कुछ शर्तों के साथ दी गई है। राजपाल यादव को 1 लाख रुपये का पर्सनल बॉन्ड और इतनी ही राशि की एक श्योरिटी जमा करनी होगी। इन शर्तों के पालन के बाद उन्हें राहत प्रदान की गई है। कोर्ट के आदेश के मुताबिक, राजपाल यादव 18 मार्च तक कस्टडी से बाहर रहेंगे। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को निर्धारित की गई है, जब अदालत इस पर विस्तृत सुनवाई करेगी। यह मामला चेक बाउंस से जुड़ा है, जिसमें निचली अदालत ने अभिनेता को सज़ा सुनाई थी। इसी फैसले को चुनौती देते हुए उन्होंने हाई कोर्ट का रुख किया था ।अब सभी की नजर 18 मार्च को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी है, जहां इस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया तय होगी।

## रोहित शेट्टी के घर फायरिंग करने वाले शूटर की हुई पहचान, कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं



बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस हाई-प्रोफाइल केस में फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी की पहचान हो चुकी है। मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी का नाम दीपक चंद्रा है, जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इस खुलासे के साथ कई अहम बातें सामने आई हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दीपक चंद्रा बेहद कम पढ़ा-लिखा है और उसके खिलाफ पहले से कोई बड़ा आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज नहीं पाया गया है। आरोपी सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि से आता है। उसके परिवार में चार से पांच सदस्य हैं। अधिकारियों का मानना है कि आरोपी को किसी बड़े नेटवर्क के जरिए इस्तेमाल किया गया हो सकता है। इस आरोपी तक पहुंचने के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच ने लंबे समय तक बेहद सुनियोजित तरीके से जाल बिछाया। फायरिंग की घटना वाली रात से ही आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। पुलिस ने इलाके के तमाम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और डिजिटल फुटप्रिंट्स के जरिए आरोपी की मूवमेंट को ट्रैक किया। टेक्निकल सर्विलांस के साथ-साथ ह्यूमन इंटेलिजेंस ने भी इस केस में अहम भूमिका निभाई। इस पूरे मामले की जांच करते हुए पुलिस पहले ही कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब तक कुल 11 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग से जुड़े एक गुर्गे शुभम लोनकर ने ली थी और रोहित शेट्टी को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। पुलिस इस केस को बड़े आपराधिक साजिश के तौर पर देख रही है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने मामले की तह तक जाने के लिए घटनास्थल को दोबारा रिक्रिएट किया था। सभी पहलुओं की गहनता से जांच की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों को मुंबई आने के बाद शुभम लोनकर ने पैसों की सप्लाई की थी। यह रकम पहले 40 हजार बताई जा रही थी, लेकिन बाद में यह 51 हजार रुपए निकली, जिसमें स्कूटी की खरीद भी शामिल थी। फिलहाल पुलिस आरोपी दीपक चंद्रा से गहन पूछताछ कर रही है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि उसके पीछे कौन लोग थे और इस साजिश की असली वजह क्या थी।

# तुलसी-अदरक का हेल्दी ड्रिंक- इम्युनिटी बूस्ट कर चेहरे पर लाए नेचुरल ग्लो



असंतुलित जीवनशैली की वजह से शरीर कई रोगों की जद में आसानी से आ जाते हैं। ऐसे में आयुर्वेद और हेल्थ एक्सपर्ट सुबह की शुरुआत एक सरल, स्वादिष्ट और सेहतमंद ड्रिंक से करने की सलाह देते हैं, जो तन-मन को फिट रखने का सबसे आसान तरीका है। नेशनल हेल्थ मिशन के अनुसार, तुलसी और अदरक से बना हेल्दी ड्रिंक आपकी वेलनेस रूटीन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकता है। यह प्राकृतिक पेय धीरे-धीरे आपकी पूरी लाइफस्टाइल को बेहतर बनाता है। इसे बनाने के लिए कोई झंझट नहीं बल्कि यह बेहद आसान है। इसके लिए रात में तुलसी के पत्ते और अदरक को गर्म पानी में भिगोकर रखें, सुबह खाली पेट पी लें। तुलसी-अदरक से बने हेल्दी ड्रिंक के सेवन से इम्युनिटी मजबूत होती है और चेहरे पर नेचुरल ग्लो आता है। साथ ही यह तनाव को दूर कर मन को शांति देती है।

तुलसी को आयुर्वेद में औषधियों की रानी कहा जाता है। इसमें एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीऑक्सीडेंट गुण भरपूर होते हैं। यह सर्दी-खांसी, गले की खराश और फेफड़ों की समस्याओं से राहत देती है। तुलसी तनाव कम करने में भी कारगर है, क्योंकि यह कोर्टिसोल हार्मोन को नियंत्रित करती है और मन को शांत रखती है। दूसरी ओर अदरक पाचन तंत्र का सबसे अच्छा दोस्त है। इसमें जिंजरोल नामक कंपाउंड होता है, जो सूजन कम करता है, शरीर को गर्म रखता है और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बनाता है। अदरक गैस, ब्लोटिंग और अपच से तुरंत राहत देता है। तुलसी और अदरक का यह कॉम्बिनेशन मिलकर कई फायदे देते हैं। यह ड्रिंक इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है, जिससे मौसमी बीमारियां आसानी से नहीं पकड़तीं। बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम से बचाव के लिए यह घरेलू उपाय बहुत प्रभावी है। त्वचा के लिए भी यह कमाल का है। दोनों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर से टॉक्सिन्स निकालते हैं, सूजन घटाते हैं और मुंहासों-डलनेस को दूर करते हैं। नतीजा चेहरा चमकदार और स्वस्थ दिखता है।

पाचन सुधारने में भी यह बेहतरीन है। अदरक पेट साफ रखता है, जबकि तुलसी डिटॉक्सिफिकेशन करती है। रोजाना पीने से एनर्जी लेवल बढ़ता है, थकान कम होती है और दिनभर फ्रेश महसूस होता है। श्वसन तंत्र के लिए भी यह फायदेमंद है। यह बलगम निकालती है, सांस की नलियां साफ करती है और सांस लेने में आसानी देती है।

यह सस्ता, घरेलू और पूरी तरह नेचुरल ड्रिंक है, जो बिना किसी साइड इफेक्ट के तन-मन को फिट और चमकदार बनाए रखता है। हालांकि, अगर कोई स्वास्थ्य समस्या जैसे अल्सर, एसिडिटी या ब्लड थिनर दवाएं ले रहे हैं, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com